भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1765

उत्तर देने की तारीख 29 जुलाई, 2021
7 श्रावण, 1943 (शक)

केन्द्र प्रायोजित योजनाएं

1765. डॉ. चन्द्र सेन जादौन :

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या संघ सरकार का विचार देश में युवाओं की भागीदारी के लिए ग्रामीण स्तर पर केन्द्र प्रायोजित योजनाएं शुरू करने का है;

(ख) यदि हां, तो उत्तर प्रदेश के ऐसे जिलों के नाम क्या हैं जहां युवाओं की भागीदारी के लिए ऐसे टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है और युवाओं को राष्ट्रीय स्तर का खिलाड़ी बनाने के लिए बढ़ावा देने हेतु ऐसे टूर्नामेंट किस हद तक मददगार हैं; और

(ग) क्या उत्तर प्रदेश में उक्त युवाओं को राष्ट्रीय स्तर का खिलाड़ी बनाने के लिए ऐसे टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है ?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) से (ग) : 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण स्थानीय स्तर पर खेल के विकास और टूर्नामेंट आयोजित करने का उत्तरदायित्व राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों का होता है । केंद्रीय सरकार इस संबंध में उनके प्रयासों की पूर्ति करती है । तथापि, यह मंत्रालय वर्ष 2016 से 'खेलो इंडिया - राष्ट्रीय खेल विकास कार्यक्रम' नामक एक केन्द्रीय क्षेत्र स्कीम चलाता है जिसमें 'ग्रामीण और देशज/ जनजातीय खेलों के संवर्धन' नामक एक घटक देश में विशेष रूप से ग्रामीण खेलों के विकास के लिए है ।

****